**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**02.07.2025/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे**

**सुखविंदर सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर में निर्माणाधीन बस अड्डे का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर पत्रकारों के साथ बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बस अड्डे का कार्य अगले वर्ष तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि धन की कमी के कारण पिछले 20 वर्षों से इस बस अड्डे का निर्माण कार्य लंबित था। उन्होंने यात्रियों की सुविधा के लिए इस बस अड्डे के धरातल तल को पार्किंग सुविधा के रूप में निर्मित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉक्टर राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर को शीघ्र ही लोगों को समर्पित किया जाएगा जिससे क्षेत्र के लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र में नवाचार सुधार कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल 21वें स्थान से पांचवे स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

---

**विक्रमादित्य सिंह**

बीते दिनों शिमला के भट्टाकुफर में पांच मंजिला भवन के ढहने के बाद हुए नुकसान का कल लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने फोरलेन के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के बाद यहां पर हो रहे निर्माण कार्य पर सवाल भी खड़े किए और इस मामले को केंद्र सरकार से भी उठाया गया है।

---

**मौसम**

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में मॉनसून सक्रिय होने से बारिश का क्रम जारी है। हालांकि कुछ क्षेत्रों में दोपहर तक धूप निकलने से अस्त–व्यस्त जनजीवन को सामान्य बनाने के प्रयास जारी हैं। मंडी जिला में कई जगह बादल फटने की घटनाओं में जान–माल की भारी क्षति हुई है। जिला उपायुक्त अपूर्व देवगन ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि इन घटनाओं में अब तक 10 लोगों की मृत्यु हुई है जबकि 34 लोग लापता हैं। उपायुक्त ने बताया कि थुनाग में 19, गोहर में सात, करसोग में चार, धार जरोल व पांदव शिला में दो–दो लापता लोगों की तलाश में सर्च आपरेशन चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में 3 सौ 70 लोगों का रेस्कयू किया गया है वहीं 24 घर, 12 पशुशालाएं और एक पुल भी क्षतिग्रस्त हुआ है। इसके अलावा 30 मवेशी भी मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्षा व बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में एनडीआरफ व एसडीआरएफ सहित अन्य बचाव दल राहत व बचाव कार्य में जुटे हैं।

---

**रेस्कयू मदद**

इस बीच मंडी जिला के थुनाग उपमंडल में बादल फटने के बाद आई बाढ़ व भूस्खलन से सड़कों की हालत बेहद खराब है और प्रशासन द्वारा प्रभावितों को जरूरी सामग्री भेजने में दिक्कतें आ रही हैं। जिला उपायुक्त मंडी ने रक्षा मंत्रालय और वायु सेना को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि थुनाग उपमंडल के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जरूरतमंदों के लिए तत्काल हवाई मार्ग से राशन, दवाइयां व अन्य राहत सामग्री भेजी जाए।

-------------------------------------------------------------------

**फसल बीमा योजना**

प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ सीजन के लिए मक्की और धान की फसल का बीमा किया जा रहा है। आकांक्षी जिला चम्बा के किसानों के लिए भी 15 जुलाई तक मक्की और धान की फसल के लिए बीमा कवर उपलब्ध रहेगा। जिला उपायुक्त मुकेश रेपस्वाल ने बताया कि इस समयावधि में किसान अपनी फसलों का बीमा करवा सकते हैं।

-------------------------------------------------------------------